# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ce_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 1936 / M-20 / 220 दिनांक 20/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

**विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 14.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''रायबरेली के हाजीपुर गांव में आवागमन बाधित, दुर्घटना का खतरा'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 14.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''रायबरेली के हाजीपुर गांव में आवागमन बाधित, दुर्घटना का खतरा'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के डीह विकास खण्ड की ग्राम सभा हाजीपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे बारिश के कारण धंस गए है। कई स्थानों पर मिट्टी धंसने से सड़कों और गलियों में गहरे गड्डे बन गए है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। गांव के निवासी रामू यादव, शिवकुमार मिश्र, कमलेश मौर्य और राजेश कुमार ने बताया कि लगातार बारिश से खुदाई वाले स्थानों की मिट्टी कटकर बैठ गई है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत हाजीपुर विकास खण्ड–डीह में ग्राम प्रधान से उक्त प्रकाशित खबर की पुष्टि की गई जिसमें प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि रामू यादव, शिवकुमार मिश्र, कमलेश मौर्य और राजेश कुमार नाम से कोई भी व्यक्ति ग्राम पंचायत हाजीपुर का निवासी नही है। साथ ही अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन वितरण प्रणाली के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। |

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

11:41

←

# जल जीवन मिशन के गड्ढे बारिश में धंसे, ग्रामीण परेशान: रायबरेली के हाजीपुर गांव में आवागमन बाधित, दुर्घटना का खतरा

रिंकू मिश्रा | परसदेपुर (सलोन), रायबरेली 14/08/26



शेयर

जल जीवन मिशन के गड्ढे बारिश में धंसे।

रायबरेली के डीह विकास खंड की ग्राम सभा हाजीपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे बारिश के कारण धंस गए हैं। कई स्थानों पर मिट्टी धंसने से सड़कों और गलियों में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

गांव के निवासी रामू यादव, शिवकुमार मिश्र, कमलेश मौर्य और राजेश कुमार ने बताया कि लगातार बारिश से खुदाई वाले स्थानों की मिट्टी कटकर बैठ गई है।

Advertisement